लोक सभा अध्यक्ष ने लेफ्टिनेंट गौतम गुरुंग को श्रद्धांजलि दी

शहीद लेफ्टिनेंट गौतम गुरुंग के बलिदान, साहस और शौर्य को सदैव याद किया जाएगा और वह हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे : लोक सभा अध्यक्ष

हम शहीद लेफ्टिनेंट गौतम गुरुंग के परिवार द्वारा युवाओं के विकास के लिए की जा रही पहलों की सराहना करते हैं : श्री ओम बिरला

बाबा गोरखनाथ ने अपने ज्ञान, करुणा और आध्यात्मिक तेज से मानव दिव्यता के संदेश का प्रचार-प्रसार किया और हमारे जीवन में बदलाव लाए : लोक सभा अध्यक्ष

गोरखनाथ द्वारा स्थापित आध्यात्मिक व्यवस्था और उनकी शिक्षाओं से हम सब आत्मिक शांति के पथ पर अग्रसर रहेंगे

नई दिल्ली, 20 फरवरी 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने आज गोरखपुर में जीआरडी क्रॉसिंग पर शहीद लेफ्टिनेंट गौतम गुरुंग की प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। बस्ती महोत्सव में मुख्य अतिथि के रुप में भाग लेने के लिए बस्ती की ओर जाते हुए श्री बिरला कुछ देर जीआरडी चौक पर रुके और करगिल वीर को श्रद्धांजलि दी। करगिल युद्ध के दौरान उनके शौर्य का स्मरण करते हुए लोक सभा अध्यक्ष ने कहा कि शहीद लेफ्टिनेंट गौतम गुरुंग के बलिदान, साहस और शौर्य को सदैव याद रखा जाएगा और वह हम सबके लिए प्रेरणा स्रोत रहेंगे। अध्यक्ष महोदय ने शहीद गौतम गुरुंग के परिवार द्वारा युवाओं को प्रशिक्षण प्रदान किए जाने और उनमें कर्तव्य और देशभक्ति की भावना का संचार किए जाने की पहल की सराहना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री और वर्तमान सांसद, श्री राधा मोहन सिंह; संसद सदस्य श्री जगदंबिका पाल, श्री रवि किशन, श्री हरीश द्विवेदी और श्री पंकज चौधरी ने भी शहीद लेफ्टिनेंट गौतम गुरुंग को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इससे पहले श्री बिरला गोरखधाम पीठ गए और बाबा गोरखनाथ के दर्शन किए। इस अवसर पर उन्होंने समाज में शांति और समृद्धि की प्रार्थना भी की। श्री बिरला ने कहा कि बाबा गोरखनाथ ने

अपने ज्ञान, करुणा और आध्यात्मिक तेज से मानव दिव्यता के संदेश का प्रचार-प्रसार किया और हमारे जीवन में बदलाव लाए। लोक सभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि बाबा गोरखनाथ द्वारा स्थापित आध्यात्मिक व्यवस्था और उनकी शिक्षाओं से हम भौतिकवाद का त्याग करते हुए आत्मिक शांति प्राप्त करने के पथ पर अग्रसर रहेंगे।